# राजस्थान के उपचुनाव व महाराष्ट्र के चुनाव जीतने की खुशी में भाजपाइयों ने छुटाए पटाखे



जैसलमेर में हनुमान सर्किल क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विजय उत्सव मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत



पाली में सूरजपोल चौराहे पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी व भाजपा अलायंस को महाराष्ट्र विधानसभा व प्रदेश में हुवे उप चुनाव में 7 में से 5 सीटों पर मिली विजय पर शनिवार को हनुमान सर्किल पर गांधी दर्शन के आगे भाजपा कार्यकर्ताओं ने नगर अध्यक्ष अरुण पुरोहित के नेतृत्व में विजय उत्सव मनाते हुवे पटाख़े छोड़े व सभी का मुंह मीठा कराया।

कार्यकर्ताओ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व योगी के नारे लगाये व एक दूसरे को बधाई दी। मीडिया प्रभारी बाबू लाल शर्मा ने बताया की इस उत्सव में जिला उपाध्यक्ष शंभुदान भेलानी, जिला महामंत्री सुशील व्यास व सवाईसिंह गोगली, जिला मंत्री कंवराजसिंह , पवनकुमारसिंह, पूर्व प्रधान चतुराराम, मनोहरसिंह दामोदरा, अजय राहड़, निम्बदान चारण, मनोज भाटिया, साबिर अली, अमृत सुथार, गजेंद्रसिंह सोलंकी, नवल चौहान, अरुण शर्मा, सुरजाराम ओड, कमलसिंह, जितेंद्र भूतड़ा, पारस गर्ग, नरसिंह ओड, नरेंद्र गोयल, कुमार पाल, देवीसिंह चौहान, गिरधरसिंह सोढा, अशोक भील व महीप भाटिया उपस्थित थे।

**पाली संवाददता के अनुसार :** भाजपा को महाराष्ट्र उत्तर प्रदेश, राजस्थान में हुए उपचुनाव में मिली भारी विजय की खुशी में शनिवार शाम को सूरजपोल चौराहा पर आतिशबाजी की गई।

इस मौके पर एक दूसरे को बधाई दी। इस मौके पर पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, पूर्व सभापति महेंद्र बोरा, संजय ओझा, अशोक लोढ़ा, रामकिशोर साबू, भंवर चौधरी, सुरेश चौधरी, विक्रम पाल सिंह, मुन्ना मकरानी, रमेश परिहर, बहादुर सिंह,रामलाल चौहान, त्रिलोक चौधरी सहित कई जने मौजूद रहे।

**बाड़मेर संवाददता के अनुसार :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा महाराष्ट्र एवं राजस्थान उपचुनाव में भाजपा की विजय होने पर शनिवार सांय भाजपा कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया।

भाजपा जिला प्रवक्ता रमेशसिंह इन्दा ने बताया कि भाजपा द्वारा अहिंसा सर्किल पर आतिशबाजी कर एक दुसरे का मुंह मीठा कराकर हर्ष व्यक्त किया। महाराष्ट्र में सरकार बनने व प्रदेश के उपचुनाव में भाजपा द्वारा सात में से पांच सीटों व उत्तरप्रदेश में 9 मे से 7 सीटो पर एतिहासिक विजय से उत्साहित कार्यकर्ता झुमते नृत्य करते खुशी मनाते हुए फटाखे फो? कर आतिशबाजी कर एक दूसरे का मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कर खुशियां मनाई। इस अवसर पर विधायक आदूराम मेघवाल ने कहा कि राजस्थान की जनता ने पीएम मोदी के नेतृत्व में भजनलाल सरकार के विकास पर मोहर लगाई। जनता को पीएम मोदी पर और भाजपा पर अटूट विश्वास है कि महाराष्ट्र में भाजपा और प्रदेश की सात सीटों पर हुए उप चुनाव में भी जनता ने कमल खिलाया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश की भजनलाल सरकार जनहित के महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक कार्य कर रही है । राजस्थान लगातार प्रगती की ओर बढ रहा है। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता रतनलाल बोहरा, अमृतलाल जैन, जिला उपाध्यक्ष रमेश शर्मा व महावीर सिंह चुली, जिला महामंत्री मुस्कान मेघवाल, अनिता चौहान,मिरचुमल सिंधी, प्रकाश सराफ,धनराज सोनी, आनंद पुरोहित,पुरखाराम मांजू,ललित बोथरा, ईश्वर नवल, राजाराम भील, दमाराम माली, वीरसिंह भाटी, स्वरूप सिंह लंगेरा, चम्पत सिंह भवरिया, डालूराम भुकर, हरिशसिंह राठौड़, राकेश कुलदीप, किशनसिंह राठौड़, धनराज जोशी, बांकाराम चौधरी, सवाईराम मेघवाल, महेंद्र पुरोहित, स्वरूपसिंह भाटी, विक्रमसिंह तामलोर, राजूसिंह कोटड़ा, उगमसिंह राठौड़, मधु पड़िहार, प्रकाशसिंह राठौड़, श्याम पुरी, ओमप्रकाश, खीमराजसिंह लखा,मनोज गोदारा, देवराज सारण, हरीश मूंदड़ा, खीमसिंह चौहान, भरत मूंदड़ा, सवाई माहेश्वरी आदि उपस्थित थे।

## रामदेव रोड पर सीवरेज पानी से मिलेगी निजात



पाली में रामदेव रोड पर सीवरेज पाइप डालने का कार्य हो रहा है। फोटो-राष्ट्रदूत

**पाली**, (नि.सं.)। रामदेव रोड पर लगातार सीवरेज को लेकर समस्या हो रही थी, जिसके लिए नगर निगम ने जोधपुर से तकनीकी टीम आई। अब नई पाइप डाल रही है।

नगर परिषद आयुक्त नवीन भारद्वाज ने बताया कि पाइप डालने का काम भी लगभग पूर्ण हो चुका है। चैंबर बनाने का कार्य शुरू हो गया है। जल्दी से इस समस्या का समाधान हो जाएगा। परमानेंट उनके साथ नगर परिषद एक्सईएन, पार्षद महेंद्र वैष्णव, शिवराम चौधरी मौजूद थे। पिछले 10 दिनों से सीवरेज पानी की समस्या चल रही थी, लोगों ने रास्ता जाम भी किया था। अब जाकर इस समस्या का निवारण होगा।

# मकान से दो करोड़ का मादक पदार्थ बरामद, दो जने गिरफ्तार

**बाड़मेर**, (निसं)। जिला स्पेशल टीम व कोतवाली पुलिस ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए शहर के शास्त्री नगर इलाके में स्थित एक रहवासी मकान में दबिश देकर भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।



बाड़मेर जिला स्पेशल टीम व कोतवाली पुलिस ने एक रहवासी मकान में दबिश देकर 987 ग्राम एमडी ड्रग्स व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। फोटो-राष्ट्रदूत

बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत दो करोड़ रुपए आंकी गई है। आरोपी पढ़ाई के उद्देश्य से मकान में किराएदार के रूप में रहकर तस्करी कर रहे थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई को अंजाम दिया। इस मामले में मकान मालिक सहित पांच अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि अवैध मादक पदार्थों की बरामदगी को लेकर पुलिस द्वारा विशेष ऑपरेशन भोकाल चलाया जा रहा है, जिसके तहत शनिवार को मूखबिर की सूचना पर जिला पुलिस स्पेशल टीम और कोतवाली थाने पुलिस की टीम ने शहर के शास्त्री नगर स्थित हेमराज सोनी के मकान में दबिश दी। पुलिस ने मकान में किराएदार के रूप में रह रहे आरोपी मनोहर लाल पुत्र सुजानाराम विश्नोई निवासी सोमरडी, सेडवा और भरतसिंह पुत्र विरधसिंह राजपूत निवासी धांधलों की ढाणी, बाखासर को दस्तयाब कर मकान की तलाशी ली।

तलाशी के दौरान पुलिस ने 987 ग्राम एमडी व 189 ग्राम अफीम का दूध बरामद किया। बरामद किए गए मादक पदार्थों की कीमत 2 करोड रुपए आंकी गई है। ,

इसके साथ की पुलिस ने मकान से मादक पदार्थों के माप तौल के लिए प्रयुक्त किए जाना वाला इलेक्ट्रॉनिक कांटा, प्लास्टिक की थैलियां व पाउच, नकद 7100 रुपए, तीन बंद मोबाइल, दुपहिया व चार पहिया वाहनों की अलग-अलग 11 नंबर प्लेटें, दो वाहनों की आरसी बरामद की है।

पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आरोपी पढ़ाई के उद्देश्य से मकान किराए पर लेकर रह रहे थे और यहां से तस्करी में लिप्त होकर छोटी छोटी मात्रा में माल आगे सप्लाई कर रहे थे। मकान में किराएदार के रूप में साथ रह रहे अशोक पुत्र रामकिशन विश्नोई व पीराराम पुत्र रामकिशन विश्नोई निवासी मानकी जो मादक पदार्थ की सप्लाई करते थे, की तलाश की जा रही है।

मकान मालिक हेमराज सोनी की भूमिका पर भी गहन अनुसंधान किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सिंह मीणा ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मादक पदार्थ की सप्लाई दो मुख्य तस्कर दिनेश पुत्र बाबूलाल विश्नोई निवासी रोहिला पूर्व थाना धोरीमन्ना व भोमाराम निवासी चितरड़ी, बाखासर द्वारा दी जाती थी। पुलिस द्वारा उक्त आरोपियों की तलाश की जा रही है जिसे जल्द ही दस्तयाब कर लिया जाएगा। पुलिस अधीक्षक मीणा ने बताया कि मादक पदार्थ सप्लायर दिनेश कुमार के विरुद्ध मादक पदार्थ तस्करी व मारपीट के तीन मुकदमे पूर्व में कोतवाली जैसलमेर, झाब सांचौर व धोरीमन्ना में दर्ज है।

आरोपी झाब मामले में दस हजार का इनामी है जिसे सांचौर पुलिस द्वारा दस्तयाब किया जा चुका है।

पुलिस इस संबंध में प्रकरण दर्ज कर मामले में शरीक अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। कार्रवाई को अंजाम देनी वाली पुलिस टीम को सम्मानित किया जाएगा।

## नर्सिंग कर्मियों की मांगों का ज्ञापन दिया

**जोधपुर**, (कासं)। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव, श्रीमती गायत्री राठौर के उम्मेद अस्पताल आगमन पर नर्सेज की विभिन्न माँगों को लेकर राजस्थान नर्सेज एसोसिएशन जोधपुर जिलाध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया के नेतृत्व में संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा।

मांगों पर प्रमुख स्वास्थ्य सचिव ने गहनता से सुन कर उचित कार्यवाही के लिए आश्वस्त किया। संगठन के प्रतिनिधि मंडल में अर्चना अग्रवाल, नृसिंह परिहार, नैना चौधरी, कुसुम जोशी सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

राजस्थान नर्सेंज एसोसिएशन के अध्यक्ष विजेंद्र सिंह मेड़तिया ने बताया कि ने नर्सेज की प्रमुख माँगों में नर्सेंज कैडर रिव्यू किया जाए, डीपीसी समय पर नहीं होने के कारण अधिकांश नर्सेंज अपने सेवा काल में केवल एक पदोन्नित लेकर ही सेवानिवृत हो रहे हैं इसलिए समयबद्ध पदोन्नती करवाई जायं, मॉडिफाइड एश्योर्ड करियर प्रोठोशन के तहत नर्सेज के 27 वर्ष के सेवाकाल पूर्ण होने पर अठिम पदोन्नित पद के पे लेवल एल 16 देने के आदेश जारी किये जाए। जनवरी 2023 में नर्सिंग अधिकारियों की पदोन्नित सूची जारी की गई थी किंतु न्यायालय द्वारा उस पर रोक लगा दी गई जिससे पदस्थापना सूची जारी नहीं हुई है।

अत: सरकार द्वारा न्यायालय में उचित पक्ष रखकर पदस्थापन सूची शीघ्र जारी करवाई जाए।

# कलैक्टर से वुशू खिलाड़ियों ने मुलाकात की




राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जालोर के लिए पदक लेकर लौटे आर्य वीर दल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वुशू खिलाड़ियों ने कलैक्टर डॉक्टर प्रदीप गावडे से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (निसं) । राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में जालोर जिले के लिए पदक जीतकर लौटे आर्य वीर दल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे वुशू खिलाडियों ने जिला कलेक्टर डॉक्टर प्रदीप गावंडे से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

आर्य वीर दल के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तिवारी एवं महामंत्री शिवदत्त आर्य ने बताया कि राज्य स्तरीय वुशू प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता रुद्राक्ष , मयंक भादरू, निखिल गोदारा, दिव्या सोनी, नेहा सुथार, रजत पदक विजेता वैशाली, योगेंद्र चौहान , कर्तव्य गुप्ता तथा कांस्य पदक विजेता तेजपाल सिंह, काव्या गुप्ता ने जिला कलेक्टर से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कलेक्टर ने उन्हें नियमित अभ्यास कर राजस्थान के लिए अधिक पदक जीतने का आव्हान किया।

उन्होंने कहा कि सरकार खिलाड़ियों के लिए कई योजनाएं चला रही है, जिसका सभी खिलाडी फायदा उठावें। खेलकूद के क्षेत्र में आर्य वीर दल द्वारा दिये जा रहे नि:शुल्क खेल प्रशिक्षण की सराहना की। यह सभी खिलाडी आर्य वीर दल शाखा में कोच देवेश आर्य के प्रशिक्षु है। इस अवसर पर जिला वुशू संघ के सचिव कन्हैयालाल मिश्रा, पूर्व पार्षद भरत मेघवाल उपस्थित थे।

# आनंदपाल के भाई रूपेंद्र को हाईकोर्ट से एक मामले में राहत

**जोधपुर**, (कासं)। गैंगस्टर आनंदपाल सिंह के भाई रूपेंद्रपाल सिंह उर्फ विक्की को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। राजस्थान हाईकोर्ट ने रूपेंद्रपाल सिंह उर्फ विक्की को पुलिस थानाधिकारी पर फायरिंग के मामले में जमानत दी है। हाईकोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और 25-25 हजार रुपए की दो जमानतों पर रुपेंद्रपाल सिंह को रिहा करने के आदेश दिए हैं।

रूपेंद्रपाल को 2016 में डीडवाना जिले के जसवंतगढ़ थाने में दर्ज मामले में जमानत दी गई।

इस मामले में आरोप है कि आनंदपाल सिंह और उसके साथियों ने सांवराद गांव में जसवंतगढ़ थाना अधिकारी लादू सिंह पर फायरिंग की थी। इसमें वे घायल हो गए थे। इस मामले में आनंदपाल सिंह के भाई रूपेंद्रपाल सिंह को भी आरोपी बनाया गया था।

आनंदपाल की मौत पर भी रूपेंद्रपाल को जमानत नहीं मिली थी। रुपेंद्रपाल सिंह जेल से बाहर आएगा या नहीं? इस पर अभी संशय है। उस पर अनेक गंभीर अपराधों के दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पुलिस उसे जमानत मिलते ही अन्य मामलों में वापस गिरफ्तार कर लेगी। इससे उसका जेल से बाहर आना मुश्किल नजर आ रहा है।

इस मामले में रुपेंद्रपाल सिंह पर हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में रूपेंद्रपाल सिंह पिछले सात साल से जेल में बंद था। इस मामले को लेकर डीडवाना कोर्ट में कई बार जमानत की अपील लगाई गई, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दी। उसके बाद रूपेंद्रपाल सिंह ने हाईकोर्ट में अपील की। इसके तहत जस्टिस कुलदीप माथुर ने रूपेंद्रपाल सिंह की जमानत याचिका को मंजूर कर आदेश जारी कर दिए। हाईकोर्ट ने 50 हजार के निजी मुचलके और 25-25 हजार रुपए की दो जमानतों पर रूपेंद्र पाल सिंह को रिहा करने के आदेश दिए हैं। इस मामले में रूपेंद्र पाल की ओर से एडवोकेट चेतनसिंह मामरोली ने पैरवी की।

## जवाई नदी के लिए गर्ग ने लिखा पत्र

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान विधानसभा के मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने शुक्रवार को राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत को पत्र लिखकर जवाई बाँध का पानी फीडर नहर के माध्यम से जोधपुर तक पहुँचाने के किए गए प्रावधान पर पुनर्विचार करने के लिए निवेदन किया है। गर्ग ने किसानों के महापड़ाव व उनकी मांगों के बारे में बताते हुए कहा कि जवाई बाँध पुनर्भरण योजना से अर्जित अतिरिक्त जल को फीडर नहर के माध्यम से जोधपुर तक ले जाने की योजना सम्पूर्ण जालोर एवं निकटवर्ती क्षेत्रों के वर्तमान एवं भविष्य के साथ घोर अन्याय होगा।

# मेडिकोज मानव सेवा को समर्पित रहें : उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़

**जोधपुर**, (कासं)। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को नेशनल एकेडमी ऑफ मेडिकल सांइस के 64वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ को अपने बीच दीक्षांत समारोह में पाकर विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखा गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने समारोह में डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज को मानव सेवा को अपना जीवन समर्पित करने का आव्हान किया।

इस अवसर पर उन्होंने भारत में स्वास्थ्य सेवाओं के लगातार विस्तार होने पर खुशी जाहिर करने के साथ ही पहला सुख निरोगी काया पर फोकस करते हुए सभी के सुखमय जीवन की कामना की।

जानकारी के अनुसार उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ विशेष विमान से जोधपुर पहुंचे और एम्स जोधपुर में आयोजित दीक्षांत समारोह में शिरकत करने के लिए एम्स अस्पताल परिसर पहुंचे। वहां पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पेड़ लगाया और उसके बाद एम्स जोधपुर के डिग्री हासिल करने वाले मेडिकोज के साथ ग्रुप फोटो खिंचवाया।

ग्रुप फोटो खिंचवाने के साथ उन्होंने एम्स प्रशासन से आवश्यक फीडबैक भी लिया। उसके बाद धनखड़ ने दीक्षांत समारोह के निर्धारित गाउन को धारण करने के बाद दीप प्रज्वल करते हुए दीक्षांत समारोह का आगाज किया।

इस दौरान उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गीता के विभिन्न अध्यायों का जिक्र भी किया और पौराणिक चिकित्सा पद्धित से लेकर मेडिकल टूरिज्म के साथ-साथ वैक्सीनेशन और योग के मामले में भारत देश द्वारा लगातार जिस तरह से कामयाबी हासिल की गई उसको लेकर भारत देश की और अधिक विकसित होती चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर फोकस किया।

उन्होंने दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए सभी मेडिकोज को शुभकामनाएं दी और विश्वास व्यक्त किया कि चिकित्सा और स्वास्थ्य जगत को जब चुना है तो वे सेवा के प्रति समर्पित रहेंगे और अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करेंगे।

उन्होंने भारत की चिकित्सा और स्वास्थ्य व्यवस्थाओं के आगे से आगे सुधार होने पर खुशी जाहिर की बल्कि उन्होंने अपना पूरा संबोधन मानव सेवा से लेकर स्वास्थ्य सेवाओं और समय के साथ चिकित्सा व्यवस्थाओं में हो रहे आमूलचूल परिवर्तन और विकास पर केंद्रित करते हुए कहा कि हमारा देश अब चिकित्सा और स्वास्थ्य के मामले में भी लगातार आगे बढ़ता जा रहा है। यही वजह है कि दुनिया के विभिन्न देशों को कोविड के वक्त वैक्सीनेशन उपलब्ध कराने से लेकर मेडिकल टूरिज्म के मामले में कामयाबी हासिल करते हुए सहयोगी साबित हो रहा है।

# शांति निकेतन में स्वास्थ्य शिविर

**जोधपुर**, (कासं)। द शांतिनिकेतन इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर में बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए विद्यालय में कुशल डॉक्टरों की टीम उपस्थित रही। शिविर का उद्देश्य छात्रों के स्वास्थ्य को बढ़ावा देना और उनमें अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में स्कूल हेल्थ प्रो कैंप (एम्स एल्युमनी ) के डॉक्टरों द्वारा एक मिशन'' रीडिफाइनिंग स्कूल हेल्थ'' एक टीम तैयार की गई जिसमें बच्चों की हेल्थ के लिए सभी तरह के डॉक्टर शामिल थे।डॉ. राधे सिंह, डॉ. इमरान, डॉ. आरिफ़, डॉ. दिव्या, डॉ. वसीक,डॉ. उज्ज्वल , गायत्री, अकीब, मूमल, मानवेन्द्र । इनका मिशन है कि वह बच्चों की इस तरीके से जाँच करें कि उनका ओवरऑल डेवलपमेंट किया जा सकें । इन डॉक्टर की टीम द्वारा स्कूल को हेल्थ प्रमोटिंग स्कूल बनाया जा सकता है छात्रों के सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ आँखों दाँतों और पोषण से जुड़ी समस्याओं पर भी ध्यान दिया गया। डॉक्टर ने छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए उपयोगी सलाह विधि हेल्थ प्रो ऑटिस्टिक बच्चों के लिए ही खास तौर से कंसल्टेंसी प्रोवाइड करते हैं।

# जिला उपभोक्ता आयोग जोधपुर ने बैंक और एक कंपनी पर हर्जाना लगाया

**जोधपुर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता आयोग जोधपुर द्वितीय के अध्यक्ष मलार खान मंगलिया और सदस्य बलवीर खुड़खुड़िया ने दो अधिवक्ताओं की ओर से दायर अलग-अलग परिवाद मंजूर कर राहत दिलाते हुए एक प्रकरण में इंडियन बैंक को प्रार्थी के बचत खाते से अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा 48 हजार निकालने पर राशि मय ब्याज रिफंड करने का आदेश दिया है।

वहीं दूसरे मामले में लिभेर एप्लायंसेज इंडिया को निर्देश दिया है कि खराब फ्रिज की कीमत 59 हजार 500 रुपए मय ब्याज लौटाए। दोनों में ही पांच- पांच हजार रुपए हर्जाना भी लगाया है।

सुनील भंडारी ने परिवाद दायर कर कहा कि उनके बचत खाते से चौबीस चौबीस हजार रूपए निकासी का संदेश गत वर्ष 9 जून को इंडियन बैंक से प्राप्त होने पर उन्होंने साइबर पुलिस थाने में रपट दर्ज करवाई और बैंक को भी सूचित कर दिया कि यह राशि किसी अनाधिकृत व्यक्ति द्वारा निकाली गई है। साइबर थाने के निर्देश पर बैंक ने 48 हजार रुपए होल्ड कर 27 जून को परिवादी के बैंक खाते में जमा कर दी और 30 जून को यह राशि बिना बताए ही कम कर दी।

बैंक की ओर से कहा गया कि राशि निकासी में उनका कोई दोष नहीं है। इस पर जिला उपभोक्ता आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि बैंक को जानकारी होने के बावजूद उन्होंने न तो परिवादी को और न ही पुलिस को बताया कि राशि किसके खाते में गई थी सो बैंक की सेवा में कमी और सेवा दोष प्रमाणित है।

दूसरे मामले में विनीत दवे ने परिवाद दायर कर कहा कि उन्होंने 8 जुलाई 2022 को 472 लीटर का 59 हजार 500 रुपए में लिभेर कंपनी का फ्रिज खरीदा, लेकिन वारंटी अवधि में ही फ्रिज खराब होने से दुर्गंध आने लगी और निर्माता कंपनी की ओर से कई बार पार्ट और यहां तक कि कंप्रेशर भी बदला लेकिन फ्रिज ठीक नहीं होने से उन्हें दूसरा फ्रिज खरीदना पड़ा।

जिला उपभोक्ता आयोग ने परिवाद मंजूर करते हुए कहा कि लिभेर एप्लायंसेज इंडिया ने परिवादी को दोष से ग्रसित फ्रिज बेचकर अनुचित व्यापार व्यवहार किया है। दोनों परिवादी की ओर से अधिवक्ता अनिल भंडारी ने बहस की।